# Shricon Industries Limited

**Registered** Office: First Floor, 112 B, Shakti Nagar, Kota-324009
**Corporate Identification Number**: L15100RJ1984PLC040606
Phone: 0744-2500492, 0744-3040050, www.shricon.in; investor.shricon@gmail.com

To,

Date: 12th August, 2023

**The Manager**
**Bombay Stock Exchange Limited**
Corporate Relationship Department
Phirozee Jeejeebhay Tower
Dalal Street Fort
Mumbai-400 001

BSE Scrip Code: **508961**

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper Publication pertaining to Financial Results for the quarter ended 30th June, 2023.**

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of newspaper advertisement published in English Newspaper "The Indian Express" & Hindi Newspaper "Chambal Sandesh" on 12th August, 2023 with respect to Financial Results for the quarter ended 30th June, 2023.

Yours truly,
**For Shricon Industries Limited**

OM PRAKASH MAHESHWARI
Digitally signed by OM PRAKASH MAHESHWARI
Date: 2023.08.12 19:07:53 +05'30'

**Om Prakash Maheshwari**
Designation: Director
DIN: 00185677

Place: Kota (Rajasthan)
Date: 12.08.2023

Enclosed



## भाजपा व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया संसद का भ्रमण

**संदेश न्यूज। कोटा.** कोटा दक्षिण वार्ड 78 के सामाजिक व भाजपा कार्यकर्ताओं के दल ने पार्षद गोपालराम मंडा की अगुवाई में संसद का भ्रमण किया। सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया लाल पाराशर ने बताया कि दल ने सबसे पहले स्पीकर ओम बिरला से उनके दिल्ली स्थित आवास पर भेंट की। दल के सदस्यों ने संसद के पुस्तकालय का भी अवलोकन किया, इसके बाद जीएमसी बालयोगी सभागार में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दल के सदस्यों के साथ संवाद किया। दल ने इंडिया गेट व राष्ट्रपति भवन का भी अवलोकन किया।

## NEWS BYTES

### पुस्तकालय में डॉ.शियाली का जयंती समारोह मनाया

**संदेश न्यूज। कोटा.** भारतीय पुस्तकालय जगत के पितामाह पदम्श्री डॉ शियाली रामामृत रंगानाथन के 131वें जयंती समारोह को राजकीय सार्वजनिक मण्डल पुस्तकालय में नेशनल लाइब्रेरियंस डे के रूप मे आयोजन किया गया। इस समारोह में 'नवीन तकनीकी युग में पुस्तकालयों की प्रासंगिकता एवं चुनौतियां' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ प्रीतिमा व्यास, पुस्तकालयाध्यक्ष अकलंक कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, मुख्य अतिथि डॉ मनीषा मुदगल, प्रोफेसर पुस्तकालय एवं सूचना विभाग ओ.पी.जे.एस. विश्वविद्यालय चुरू, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रीति शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर पुस्तकालय एवं सूचना विभाग कॅरियर पाइंट विश्वविद्यालय कोटा, की- नोट स्पीकर इसिका चिका नाईजीरीया, लीड पेपर प्रजेन्टर हुसैनी मूसा नाईजीरिया मौजूद रहे।

### प्रेरणा क्लब ने पाठ्य सामग्री भेंट की

**संदेश न्यूज। कोटा.** वीमेंस सेल्फ मोटिवेशन क्लब प्रेरणा के सभी सदस्यों के अंशदान से दुर्गा बस्ती स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं को जूते, मौजे एवं प्रधानाध्यापिका सीमा को बच्चों के बैठने के लिए दरी पट्टी एवं फर्श भेंट किए गए। क्लब फाउंडर एवं संचालिका उमा पाठक ने बताया कि विद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चे अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम का संयोजन सहसंचालक रमा नैयर ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीत शर्मा, संरक्षक गीता दाधीच, मधु शर्मा, करुणा शर्मा,सरिता परियानी, शशि सिंह, पूजा कत्याल, नीतू गौड़, शकुंतला महेश्वरी, पुष्पा गोयल, रश्मि शर्मा, राजकुमारी अग्रवाल शकुंतला शर्मा सहित अन्य का सहयोग रहा।

### जायसवाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**संदेश न्यूज। कोटा.** श्री गिरिराज शिक्षण एवं जन कल्याण समिति द्वारा संचालित जायसवाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग रानपुर कोटा की बीएससी नर्सिंग पार्ट द्वितीय की छात्रा निकिता कुमारी ने आरयूएचएस द्वारा आयोजित परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने विषय कम्युनिकेशन एवं एजुकेशन टेक्नोलॉजी में 100 में से 99 अंक प्राप्त कर हाड़ौती में ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान में नर्सिंग के क्षेत्र में इतिहास रचा। संस्था के निदेशक डॉ. संजय जायसवाल ने इस दौरान छात्रा निकिता को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य रफीक कुरैशी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन के सहयोग से छात्रा ने अथक प्रयास से यह मुकाम हांसिल किया है।

### प्राण घातक हमले के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**संदेश न्यूज। कोटा.** न्यायालय ने प्राण घातक हमले के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 18 हजार रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक हितेश जैन ने बताया कि फरियादी राकेश कुमार ने बताया कि मैं अपने घर पर था, तभी राजा उर्फ राजकुमार ने मेरे घर पर आकर बताया कि रिंकू जाट,गप्पू मिश्रा, नरेश गुर्जर तथा गरीबा नहर पर मुकेश व विनोद के साथ तलवारों से मारपीट कर रहे हैं। इस पर मैं एवं राजा उर्फ राजकुमार दोनों भाग कर नहर की पुलिया के पास पहुंचे तो देखा कि रिंकू जाट, गरीबा, पप्पू मिश्रा एवं नरेश गुर्जर के हाथों में तलवारें थी, चारों तलवारों से मुकेश एवं विनोद के साथ मारपीट कर रहे थे। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। विनोद एवं मुकेश चिल्लाने लगे तो सचिन व गोपू व बद्रीलाल मेहरा दौड़कर आए, जिन्होंने घटना देखी है। रिंकू जाट से हमारी मीट की दुकान पर काम नहीं करने को लेकर लड़ाई झगड़ा हो गया था। थाना रेलवे कॉलोनी पुलिस ने हत्या के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। न्यायालय ने मामले में निर्णय देते हुए आरोपी लक्ष्मीकांत उर्फ गरीबा पुत्र रमेश चंद निवासी पूनम कॉलोनी थाना रेलवे कॉलोनी कोटा शहर को दोषी करार दिया और धारा 307 सपठित 34 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए जुमार्ना,धारा 326 सपठित 34 में 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माना, धारा 324 सपठित 34 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 3 हजार रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया। इस मामले में गरीबा फारार चल रहा था जबकी बाकी आरोपियों के मामले में कोर्ट निर्णय दे चुका है।

### पुष्पलता संस्थान ने की बीमार की मदद



**संदेश न्यूज। कोटा.** पुष्पलता सेवा संस्थान ने कोटा हॉट में भर्ती गंभीर बीमार अजित शर्मा का पैनक्रियाज का एक बार पहले ऑपरेशन हो चुका। रीना शर्मा के पति अजीत शर्मा का परिवार इलाज नहीं करा सकता। पुष्पलता सेवा संस्थान की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी प्रजापति व पार्षद वार्ड 19 नगर निगम कोटा दक्षिण डॉ. मधु के संपर्क करने पर और उनके बताने पर यह परिवार इस तरह से बहुत परेशानी में है। इनकी कुछ आर्थिक मदद करो तो सेवा भाव से पुष्प लता सेवा संस्थान के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद विजयलक्ष्मी प्रजापति संस्थान के महामंत्री दीनदयाल प्रजापति उनके सदस्य सतीश प्रजापति के सहयोग से 50 हजार की राशि का चेक परिवार को प्रदान किया।

### कैलाश मानसरोवर की चीन से मुक्ति का संकल्प अभियान रक्षाबंधन तक चलेगा

**संदेश न्यूज। कोटा.** भारत तिब्बत सहयोग मंच चित्तौड़ प्रान्त के प्रान्त प्रचार प्रमुख अरविन्द सिसोदिया नें बताया कि भगवान शंकर के निवास कैलास मानसरोवर को चीन से मुक्त करवाने के लिए पवित्र संकल्प का अभियान रक्षाबंधन तक चलाया जाएगा। मंशापूर्ण हनुमान मंदिर रंगपुर रोड, डडवाड़ा, कोटा जंक्शन पर हुकमत सिंह झाला के नेतृत्व में नवयुवक मंडल के द्वारा कैलाश मानसरोवर कि चीन से मुक्ति का संकल्प भगवान शंकर की प्रतिमा के समझ लिया, जिसके मुख्य आतिथि प्रान्त प्रचार प्रमुख अरविन्द सिसोदिया रहे।

# जयपुर से कोटा पहुंची ट्रिपलआईटी टीम

## अब यहां नियमित शुरू होंगी कक्षाएं

## जयपुर एमएनआईटी से फ्लैग हॉस्टिंग के बाद कोटा रवाना हुई थी टीम

**संदेश न्यूज। कोटा.**



कोटा को आखिरकार 9 साल बाद ट्रिपल आईटी की कक्षाएं संचालित करने की सौगात मिल ही गई है। एमएनआईटी जयपुर से फ्लैग हॉस्टिंग कर शुक्रवार को सुबह कोटा में ट्रिपल आईटी संचालित करने के लिए प्रशासनिक ऑथोरिटी, शिक्षकों की टीम और विद्यार्थी रवाना हो गए, जो शुक्रवार देर रात को पहुंच गए।

कोटा ट्रिपल आईटी के लिए रानपुर में कोटा ट्रिपल आईटी भवन बनकर तैयार हो गया है। कोटा ट्रिपल आईटी के कोर्डिनेटर अशोक कुमार व्यास ने बताया कि अब पूरी तरह से कोटा के भवन में ही ट्रिपल आईटी की कक्षाएं संचालित होंगी। यहां पर 700 विद्यार्थी वर्तमान में अध्यनरत हैं, जबकि कोटा ट्रिपल आईटी में प्रथम वर्ष के लिए 270 सीटें हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर में फ्लैग हॉस्टिंग के दौरान ट्रिपल आईटी डायरेक्टर प्रोफेसर एनपी पांडे को-कोर्डिनेटर डॉ. पील्ली ईएस, को-कोर्डिनेटर डॉ. आनन्द अग्रवाल, एसोसिएट डीन (स्टेडूंट वेलफेयर) डॉ. ज्ञान सिंह यादव, एसोसिएट डीन (प्लानिंग एंड डवलपमेंट) डॉ. अमित कुमार, एचओडी सीएसई डिपार्टमेंट, ट्रिपल आईओ कोटा फैकल्टी एवं स्टाफ एंड स्टूडेंट मौजूद रहे।

### 10 साल बाद कोटा में

कोटा में ट्रीपल आईटी की घोषणा यूपीए गठबंधन शासित केन्द्र सरकार के शासन में 2013 में घोषणा की गई थी। 2014 से ही कोटा ट्रीपल आईटी के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। ये प्रवेश प्रक्रियाएं एनएनआईटी जयपुर में संचालित हो रही थी। वहीं पर कक्षाएं संचालित हो रही थी। अभी यहां से कोटा ट्रीपल आईटी के नाम से लगभग 5 बैच निकल चुके है।

### ऐसे होगा संचालन

कोटा ट्रीपल आईटी के भवन निर्माण ओर इसको संचालित करने में तीन संस्थाओं का योगदान है। जिसमें 35-35 प्रतिशत केन्द्र ओर राज्य सरकार है। जबकि 30 प्रतिशत हिस्सेदारी नीजि कंपनियों की है। जिनमें नामी कंपनियां शामिल है। इन कंपनियों में एनबीसी, चैयर्न एनर्जी ऑफ इंडिया, वक्रांगी, जेन्पेक्ट ट्रांसफोरमेशन शामिल है।

### पार्षद सलीना शेरी ने दिया ज्ञापन

**संदेश न्यूज। कोटा.** पार्षद सलीना शेरी ने कोटा शहर में कोचिंग स्टूडेंट्स के सुसाइड रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने की मांग को लेकर पुलिस महानिरीक्षक संभागीय आयुक्त को ज्ञापन दिया।

शेरी ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक इन बिंदुओं पर जांच कराए पढ़ाई में कमजोर स्टूडेंटों को कोचिंग संस्थान ने प्रवेश किस आधार पर दिया गया। कोचिंग संस्थान ने प्रवेश लेने से पहले उसका टेस्ट लिया उसमें उसके कितने अंक आए, कोचिंग संस्थान में एक क्लास रूम में कितने स्टूडेंट पढ़ाए जाते हैं। इसका क्या माप दंड बना रखा है। इस संबंध में कई तरह के सवाल उठाते हुए इन पर कार्रवाई की मांग की।

# यूआईटी ने कुन्हाड़ी क्षेत्र में अवैध टापरियां हटाई

**संदेश न्यूज। कोटा.**



नगर विकास न्यास अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को कुन्हाड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण कर रहने वाले अतिक्रमियों के खिलाफ कार्रवाई की।

न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि कुन्हाड़ी क्षेत्र के पार्श्वनाथ कॉलोनी, हिम्मत नगर, विष्णु नगर, श्रीनाथ रेजिडेंसी, पार्वतीपुरम, एवं अन्य कॉलोनी वासियों की काफी दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी। एमरल्ड मल्टी के पास बूंदी रोड पर मल्टी से बजाज नगर, बालिता तक जाने वाली आम रोड पर बाहर के लोगों ने आकर अवैध बस्ती बना ली है एवं मुख्य रोड पर कब्जा कर लिया है। घर की औरतें एवं बच्चों को निकलने में परेशानी आ रही है। इन लोगों के डर के मारे मोहल्ले की महिलाएं ओर बालिकाएं नहीं निकल पाती हैं। शिकायत पर तत्काल न्यास के अतिक्रमण दस्ते ने पुलिस उपाधीक्षक आशीष भार्गव और तहसीलदार रामनिवास मीणा के निर्देशन में दिन में 2 से लेकर शाम को 7 बजे तक हटाने की कार्रवाई की। उक्त बस्ती में पहले माइक से मुनादी करवाई। उसके बाद बनी हुई करीब 25 झोपड़ियां को जेसीबी की मदद से हटाया गया एवं अतिक्रमणकारियों को समझाइस की कि दोबारा यहां पर अतिक्रमण नहीं करें, नहीं तो दुबारा पूरा सामान जप्त कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई में के दौरान एसआई सत्यनारायण, हैडकांस्टेबल चिरंजीवी लाल सहित अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा।


**खोया-पाया**

मेरे स्वयं के आवास संख्या 3 सी 1 सुनेल के मूल असल दस्तावेज निरस्तीकरण पत्र एंव नियमितिकरण/अदेय प्रमाण पत्र घर से सुनेल बस स्टेण्ड के मध्य कही खो गये अथवा कही गिर गये है। जो कि काफी ढूंढने पर भी नही मिल रहे है। अतः मूल असल दस्तावेज निरस्तीकरण पत्र एंव नियमितिकरण पत्र जिस किसी सज्जन को मिले, उक्त मोबाईल नं. एंव पते पर सूचित करे। मो. 9887954746 नाम एंव पता : मोहम्मद आशिक मंसूरी पुत्र श्री युसूफ मंसूरी, रंजा चौक इस्लामपुरा सुनेल जिला झालावाड़। 326513



**पश्चिम मध्य रेल**

कोटा मण्डल

खुली निविदा सूचना सं.ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी दिनांक : 09.08.2023

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि. मं.वि.इंजी. (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद टू पैकेट ई-निविदा आमंत्रित करता है। **क्र.सं.: 1- निविदा संख्या एवं कार्य का नामः** निविदा संख्या - ईएल/टीआरडी/कोटा/टी-02 डिजाईन/मोडिफिकेशन,सप्लाई, ईरेक्शन, टेस्टींग और कमीशनिंग ऑफ 2x25 के.वी., 50 हर्ट्ज, एसी ओवर हेड ईक्यूपमेन्ट इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम विद मोडिफिकेशन टू एगजिस्टंग 1X25 के.वी. ओएचई, एल्यूमिनियम फिडर वायर एलोग द ट्रैक अप/डाउन और ए.ई.सी. और बी.ई.सी. अरथींग एलोंग ट्रैक अप/डाउन औफ सेक्शन- भौंरा इनक्लूडिंग से अटरू एक्सक्लूडिंग फ्राम किमी 28 से 93 ऑफ कोटा डिवीजन वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे इन कनेक्शन टू वर्क अपग्रेडेशन ऑफ ओ.एच.ई. फौर मिशन 3000 एम.टी. लोडिंग अप टू 2030, **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 36,79,34,716/-, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 06.09.2023 को 15:00 बजे। **क्र.सं.: 2- निविदा संख्या एवं कार्य का नामः** निविदा संख्या- ईएल/टीआरडी/कोटा/टी-03 डिजाईन/ मोडिफिकेशन, सप्लाई ईरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग ऑफ 2X25 के.वी. 50 हर्ट्ज एसी ओवर हेड ईक्यूपमेन्ट इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम विद मोडिफिकेशन टू एगजिस्टंग 1X25 के.वी. ओएचई, एल्यूमिनियम फिडर वायर एलोग द ट्रैक अप/डाउन और ए.ई.सी. और बी.ई.सी. अरथींग एलोंग ट्रैक अप/डाउन औफ सेक्शन- कोटा एक्सक्लूडिंग से भौंरा एक्सक्लूडिंग फ्रोम किमी 0 से 27 ऑफ कोटा डिवीजन वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे इन कनेक्शन टू वर्क अपग्रेडेशन ऑफ ओ.एच.ई. फौर मिशन 3000 एम.टी. लोडिंग अप टू 2030, **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 17,92,05,034/-, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 06.09.2023 को 15:00 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा पताः** http//:www.ireps.gov.in वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.) कोटा प्रथम तल मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे. कोटा। **नोटः** ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेंगें। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिंग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्डर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

वरि.मं.वि.इंजी.(क.वि.)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।



**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50एनआईटी दिनांक : 08.08.2023 कोटा मंडल

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद ई-निविदा आमंत्रित करता हैं। **निविदा संख्या एवं कार्य का नामः** निविदा संख्या-ईएल/टीआरडी/50/10 (2023-24)-(1) कोटा डिवीजन कनवर्जन ऑफ बीएसएसएलएसपी इनटू एसएसपी एण्ड प्रोवीजन ऑफ न्यू एसपी बीटवीन बस्सी बेरिसाल-चन्देरिया एण्ड प्रोविजन ऑफ न्यू एसएसपी बीटवीन श्रीनगर-जालन्द्री टू इम्प्रूव सेक्शनिंग एण्ड रिलायबिलिटी ऑफ ओएचई (2) रिप्लेसमेन्ट एण्ड इम्प्रूवमेन्ट ऑफ ऑवरऐज्ड एण्ड आउट लीव्ड असेटस इन स्वीचिंग स्टेशन ऑफ कोटा डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 2,40,99,304.56, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 15.09.2023 को 15:30 बजे, **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकेः** http://www.ireps.gov.in वरि.मं.वि.इंजी.(क.वि.) कोटा प्रथम तल मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे., कोटा। **नोटः** ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से http://wwwireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेगें। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिंग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नही है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

वरि.मं.वि.इंजी.(क.वि.)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।


# शिक्षा सुविधाओं बढ़ोतरी में सरकार ने कहीं कमी नहीं रखी: धारीवाल

## गणेशपाल माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प हुआ

**संदेश न्यूज। कोटा.**



बूंदी रोड के गणेशपाल विद्यालय के स्कूल प्रशासन की मांग पर विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री की पहल पर विभिन्न विकास कार्यों को करवा कर विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने शुक्रवार को नदी पार क्षेत्र के गणेशपाल के वार्ड 29 के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में करीब 35 लाख की लागत से निर्माण करवाए गए 2 कक्षा कक्षों स्कूल परिसर की बाउंड्रीवाल, पार्क के हुए कायाकल्प, नए प्रवेश द्वार सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पीसीसी महासचिव धारीवाल ने कहा कि न्यास की ओर से विद्यालय परिसर का कायाकल्प करवाने के बाद अब बारिश के दिनों मे स्कूल परिसर में जल भराव की परेशानी से हमेशा के लिए मुक्ति मिल गई है, यहां पर विद्यार्थियों के लिए कक्षा-कक्षों के अलावा मनोरंजन के लिए झूले, हरियाली के लिए गार्डन ओर पेड़-पौधे भी लगाए गए है। गणेश पाल में आयोजित लोकार्पण समारोह में पहुंचते ही क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त कर अमित धारीवाल का जोरदार स्वागत किया। लोकार्पण समारोह के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप चौधरी ने विद्यालय परिसर में करवाए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। प्राचार्य चंचल आमेर और विद्यालय परिवार की ओर से भी स्वागत कर विद्यालय के हुए कायाकल्प पर आभार व्यक्त किया।


न्यायालयः - विवेक बुखारिया, प्रथम जिला न्यायाधीश
गरोठ जिला मंदसौर (म.प्र.)
क्रमांक:- 500/2023 गरोठ, दिनांक:- 20.07.20231
प्र.क.- एचएमए 17ए/2023
Case No. RCS HM/27/2023
राजमल मालवीय विरूद्ध अर्चना उर्फ इंदू
पेशी दिनांक- 06.09.2023

राजमल पिता अमरलाल मालवीय आयु 27 साल करीब व्यवसाय मजदूरी निवासी उमरिया बालोदा तहसील गरोठ जिला मंदसौर (म.प्र.) .......आवेदक

विरूद्ध

श्रीमती अर्चना उर्फ इन्दू पति राजमल मालवीय पुत्री जमनालाल मेहर आयु 26 साल करीब व्यवसाय गृहकार्य एवं सिलाई पार्लर निवासी उमरिया बालोदा हाल मुकाम परमानंद शर्मा पाटन वाले के मकान में तीसरी मंजिल जवाहर नगर गणेश मंदिर के पास झालावाड़ (राज.) ........अनावेदिका

जाहिर सूचना

अतः एतद् इस प्रकाशन द्वारा अर्चना उर्फ इंदू पति राजमल मालवीय पुत्री जमनालाल मेहर को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक-एचएमए 17ए/2023 Case No. RCS HM/27/2023 राजमल मालवीय विरूद्ध अर्चना उर्फ इंदू के विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 (1) (ए) हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक- 06.09.2023 को 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजीर) होने के लिए समन जारी किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपने प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। अतः यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज दिनांक 24.07.2023 इस न्यायालय की पद मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है। पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होने की दशा में आगामी कार्यदिवस में प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मोहर

(विवेक बुखारिया)
प्रथम जिला न्यायाधीश
गरोठ, जिला मन्दसौर (म.प्र.)



**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक : एफ 7/डी.टी.पी./2023/1138 **विज्ञप्ति** दिनांक : 11/8/2023

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24/2/2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु न्यास में विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड / खसरा सं. व योजना /ग्राम का नाम | योजना / मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति सुरजीत कौर जर्ये श्री शरणजीत सिंह | खसरा संख्या 283, 935/284 ग्राम बालिता | विशेष क्षेत्र | आवासीय | 16300 |

सचिव
नगर विकास न्यास, कोटा


# पार्टी से मिली जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाएं: राहटकर



**संदेश न्यूज। कोटा.**

भाजपा शहर जिला कोटा द्वारा लाडपुरा विधायक कार्यालय में लाडपुरा विधानसभा की बूथ विजय संकल्प बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि राहटकर ने कहा कि बूथ स्तर, शक्ति केन्द्र, मण्डल पदाधिकारियों को आगामी चुनावों को मध्येनजर रखते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे एवं उन्हें पार्टी द्वारा सौपी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें। मुकेश दाधीच ने सशक्त बूथ, सक्रिय बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति पर जोर दिया। साथ ही बताया कि लाडपुरा विधानसभा का लगभग 90 प्रतिशत फोटो युक्त बूथ समिति पन्ना प्रमुख का कार्य हो गया है, जो कि बहुत सराहनीय है। विधायक कल्पना देवी ने अपने उद्बोधन ने कहा हमें भाजपा दोबारा सरकार पूर्ण बहुमत के साथ भारी मत जीतकर बनानी है।

बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश सह संगठन प्रभारी विजया राहटकर, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोटा संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच एवं लाडपुरा विधायक कल्पना देवी उपस्थित रहे।

# संत की हत्या की सीबीआई जांच की मांग

**संदेश न्यूज। कोटा.**

समग्र जैन समाज भारत के अध्यक्ष राकेश जैन मडिया के नेतृत्व में समाजबंधुओं ने संसद भवन दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन देते हुए कहा कि हाल ही में कर्नाटक में जैन समाज के संत के जघन्य हत्याकांड सहित देश में हो रही घटनाओं से समाज में रोष व्याप्त है और विरोध स्वरूप भारत में रेलिया तथा प्रतिष्ठान बंद रखते हुए आंदोलन किए गए हैं।

राकेश जैन ने बताया कि जैन संत अहिंसा और सत्य की कामना और उसके अनुसरण को लेकर एक जगह से दूसरी जगह के लिए पद विहार करते हैं, जिसमें कई संत दुर्घटनाओं में चोटग्रस्त सहित देवलोक तक हो गया है।

कर्नाटक में मुनि श्री कामकुमार नंदी जी महाराज की नृशंस हत्या की अविलंब सीबीआई जांच करवा कर छुपे हुए दोषियों को बेनकाब कर फांसी की सजा दिलाई जाए। इस अवसर पर रितेश सेठी, मनोज जैन बाहुबली, अमित जैन एवं नीरज सहित कई बंधु उपस्थित थे।


**SHRICON Industries Ltd.**

पंजीकृत कार्यालयः 112–बी, शक्ति नगर, कोटा (राज.) – 324009
CIN: L15100RJ1984PLC040606, दूरभाष नं.: 0744–3559282
वेबसाइटः www.shricon.in, ई–मेलः investor.shricon@gmail.com

**समाप्त तिमाही 30.06.2023 के लेखा सीमित परीक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2023 | गत साल की समाप्त तिमाही के आंकड़े 30.06.2022 | समाप्त तिमाही 31.03.2023 | गत साल की वित्तीय परिणाम के आंकड़े 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|
| | लेखा अपरीक्षित | लेखा अपरीक्षित | लेखा अपरीक्षित | लेखा परीक्षित |
| प्रचालन से कुल आय | 21.95 | – | – | 0.19 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण/कर और/या असाधारण मद्दो से पहले) | 1.21 | 10.98 | 2.55 | 120.97 |
| अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मद्दो के बाद) | 1.21 | 10.98 | 2.55 | 120.95 |
| अवधि के लिए कर और/या असाधारण मद्दो के बाद से शुद्ध लाभ/(हानि) | 1.21 | 10.98 | 2.55 | 120.95 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 1.21 | 10.98 | 2.55 | 120.95 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 124.00 | 124.00 | 124.00 | 124.00 |
| पिछली वर्ष की ऑडिट बैलेंस शीट में दिखाए अनुसार रिजर्व (रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर) | – | – | – | – |
| आय प्रति शेयर (रू.10/- प्रत्येक) (बेसिक और डायलूटेड) | 0.10 | 0.89 | 0.21 | 9.75 |

1. 30 जून, 2023 की तिमाही के वित्तीय परिणामों का सीमित समीक्षा की गई है।
2. उपरोक्त परिणाम, लेखापरीक्षा समिति द्वारा विधिवत समीक्षा की गई और 10 अगस्त, 2023 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई।
3. उपरोक्त समाप्त हुई तिमाही 30.06.2023 लेखा सीमित परीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत स्वरूप का एक संक्षिप्त स्वरूप है जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण की आवश्यकता) नियमन 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर की गई है लेखा सीमित परीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप समाप्त तिमाही 30.06.2023 के लिए स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.shricon.in) पर उपलब्ध हैं।

श्रीकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
ओम प्रकाश माहेश्वरी
निदेशक
DIN-00185677

दिनांकः 10.08.2023
स्थानः कोटा